Alberta

समाचार विज्ञप्ति

10 जून से एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan) का चरण 2 आरंभ होगा

09 जून 2021

जैसे-जैसे फिटनेस केंद्र, पुस्तकालय और मूवी सिनेमाघर फिर से खुल रहे हैं और आउटडोर जनसमूहों में उपस्थितगण की संख्या बढ़ रही है, एल्बर्टा सामान्य की ओर सुरक्षित रूप से लौटने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाएगा।

12 वर्ष से अधिक आयु के 60 प्रतिशत एल्बर्टावासियों द्वारा टीके की कम से एक खुराक प्राप्त करने और COVID-19 के कारण अस्पताल में भर्ती किए जाने वाले लोगों की संख्या 500 से काफी कम होने तथा इसमें लगातार गिरावट होते रहने के परिणामस्वरूप 10 जून से आरंभ करके गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan) का चरण 2 प्रभावी हो जाएगा।

अधिकारीगण एल्बर्टा के टीका रोलआउट की प्रगति की लगातार निगरानी तथा प्रांत-भर में अस्पतालों में भर्ती किए जाने वाले लोगों की संख्या तथा COVID-19 के फैलाव पर निकटता से दृष्टि बनाए रखेंगे।

10 जून से गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan) के चरण 2 के प्रभावी होने पर प्रतिबंधों में ढील

- दूरी बनाए रखने की आवश्यकता के साथ आउटडोर सामाजिक जनसमूह में लोगों की संख्या 20 तक बढ़ जाती है।
- शादी समारोहों में अधिकतम 20 लोग उपस्थित हो सकते हैं। प्रीतिभोजों को केवल आउटडोर ही आयोजित किया जा सकता है।
- अंतिम संस्कार समारोहों में अधिकतम 20 लोगों की उपस्थिति के साथ इनके लिए कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसमें सुविधा स्टाफ, अंतिम संस्कार के लिए पादरी या मेहमान न माने जाने वाले आयोजकों के लिए अपवाद है। भोज केवल आउटडोर ही आयोजित किए जा सकते हैं।
- रेस्तराओं में इनडोर या आउटडोर एक मेज पर अधिकतम छह लोग बैठ सकते हैं।
  - डाइनिंग पार्टियों के लिए अब केवल एक ही घर-परिवार से आने वाले लोगों की सीमा नहीं है।
  - शारीरिक दूरी और अन्य प्रतिबंध अभी भी लागू हैं।
- रिटेल क्षमता अग्नि संहिता उपस्थिति के एक-तिहाई तक बढ़ जाती है।
- उपासना स्थलों की क्षमता अग्नि संहिता उपस्थिति के एक-तिहाई तक बढ़ जाती है।
- जिम और अन्य इनडोर फिटनेस सुविधाएँ प्रतिभागियों के बीच तीन मीटर की दूरी के साथ एकल और ड्रॉप-इन गतिविधियों के लिए फिर से खुल जाती हैं, और फिटनेस कक्षाएँ तीन मीटर की दूरी के साथ फिर से आरंभ हो सकती हैं।
- इनडोर परिवेश अग्नि संहिता उपस्थिति की एक-तिहाई क्षमता के साथ खुल सकते हैं, जिनमें इनडोर मनोरंजन केंद्र शामिल हैं। इनमें एरिना, सिनेमा, थिएटर, संग्रहालय, कलादीर्घाएं और पुस्तकालय शामिल हैं।
- इनडोर और आउटडोर युवा एवं वयस्क खेल फिर से आरंभ हो सकते हैं।
- दिवसकालीन शिविरों और खेल केंद्रों जैसी युवा गतिविधियाँ प्रतिबंधों के साथ फिर से आरंभ हो सकती हैं।
- व्यक्तिगत और कल्याण संबंधी वॉक-इन सेवाएँ फिर से आरंभ कर सकती हैं।
- माध्यमिकोत्तर संस्थान फिर से व्यक्तिगत शिक्षण आरंभ कर सकते हैं।

- घर से कार्य करने के आदेश को हटा दिया गया है, लेकिन अभी भी इसकी सलाह दी जाती है।
- आउटडोर अचल बैठने की सुविधाएँ (जैसे, ग्रैंडस्टैंड) एक-तिहाई क्षमता के साथ खुल सकते हैं।
- सार्वजनिक आउटडोर जनसमूहों (जैसे, संगीत कार्यक्रमoM/त्योहारों) में अधिकतम उपस्थितगण की संख्या 150 तक बढ़ जाती है।

चरण 2 की संपूर्ण अवधि के लिए इनडोर मास्किंग और दूरी बनाए रखने की आवश्यकताएँ प्रभावी रहेंगी। प्रत्येक चरण में कुछ गतिविधियों के लिए प्रतिबंध लागू रहेंगे।

जून के अंत या जुलाई के आरंभ में चरण 3 की शुरुआत होने की उम्मीद है। यह सभी एल्बर्टावासियों के टीका लगवाने और प्रभावी जनस्वास्थ्य दिशानिर्देशों का अनुपालन करने पर निर्भर है।

वेबसाइट alberta.ca पर एल्बर्टावासी प्रांत की टीकाकरण प्रगति का अनुरेखण कर सकते हैं।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- एल्बर्टावासियों के लिए COVID-19 जानकारी
- एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan)

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय (Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य (Assistant Director of Communications, Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।